Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 21 अक्तूबर, 2022

स्मृति दिवस

भारत में प्रत्येक वर्ष उन पुलिसकर्मियों को याद करने और उनका सम्मान करने के लिये **21 अक्तूबर** को पुलिस स्मृति दिवस (Police Commemoration Day) मनाया जाता है, जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए जीवन दांव पर लगा दिया। ध्यातव्य है कि यह दिवस वर्ष 1959 में हुई एक घटना की याद में मनाया जाता है, जब लद्दाख में चीन की सेना द्वारा किये गए हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो गई थी। तभी से प्रत्येक वर्ष 21 अक्तूबर को शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2018 में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारत के पहले राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का उद्घाटन किया था। दिल्ली स्थित इस **राष्ट्रीय पुलिस स्मारक** में सभी केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों के 34,844 पुलिसकर्मियों को याद किया गया है, जिन्होंने वर्ष 1947 के बाद से ड्यूटी पर रहते हुए अपनी जान गँवाई है।

AFC एशिया कप 2023

भारत ने कतर में होने वाले **AFC एशिया कप 2023 के लिये क्वालीफाई कर लिया** है। भारत और सऊदी अरब ने एशियाई फुटबॉल महासंघ-(Asian Football Confederation-AFC) के तहत आयोजित होने वाले **एशिया कप के वर्ष 2027 संस्करण** की मेज़बानी की मांग की है। वर्तमान **चैंपियन कतर वर्ष 2027 के AFC एशिया कप की मेज़बानी करने का इच्छुक था** , लेकिन उसे **वर्ष 2023 संस्करण के लिये मेज़बान घोषित किया गया है** । एशियाई फुटबॉल महासंघ (Asian Football Confederation-AFC) एशिया की फुटबॉल **गवर्निंग बॉडी है**। इसकी **स्थापना 8 मई, 1954** में की गई थी। इसका मुख्यालय मलेशिया के कुआलालंपुर में है। **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF)** एक राष्ट्रीय संघ है जिसकी स्थापना वर्ष 1937 में **शिमला स्थित सेना मुख्यालय** में हुई थी। एक महासंघ के रूप में यह देश भर में फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। **AIFF एशियाई फुटबॉल महासंघ (AFC)** के संस्थापक सदस्यों में से एक है, जो एशिया में फुटबॉल का प्रबंधन करता है।

विश्व आयोडीन अल्पता दिवस

प्रत्येक वर्ष 21 अक्तूबर को दुनिया भर में '**विश्व आयोडीन अल्पता दिवस**' का आयोजन किया जाता है। 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' (WHO) **1980** के दशक से 'राष्ट्रीय नमक आयोडीनीकरण' कार्यक्रम के माध्यम से आयोडीन की कमी के प्रभावों को रेखांकित करने हेतु काम कर रहा है। यूनिसेफ ने '**इंटरनेशनल काउंसिल फॉर कंट्रोल ऑफ आयोडीन डेफिशिएंसी डिसऑर्डर**' **(ICCIDC)** के साथ मिलकर कई अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की रणनीति बनाई है और **यह 66 प्रतिशत घरों में आयोडीन युक्त नमक उपलब्ध कराने में सक्षम रहा है।** आयोडीन एक खनिज पदार्थ है जो आमतौर पर समुद्री भोजन, डेयरी उत्पादों, अनाज और अंडे में पाया जाता है। दुनिया भर में आयोडीन की कमी एक गंभीर समस्या है **वैश्विक स्तर पर 2 बिलियन लोग आयोडीन की कमी से होने वाली बीमारियों के खतरे में हैं।** आयोडीन की कमी को रोकने के लिये इसे घरेलू नमक में मिलाया जाता है। भारत में **वर्ष 1992 में मानव उपभोग के लिये आयोडीन युक्त नमक को अनिवार्य** किया गया था। **इस अनिवार्यता को वर्ष 2000 में थोड़ी ढील दी गई परंतु वर्ष 2005 में इसे फिर से लागू** कर दिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-21-october-2022